# दो दशक से मेनका, वरुण रहे भाजपा का चेहरा...अब बदलाव

## भाजपा ने वरुण गांधी का टिकट काटकर पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद पर जताया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** करीब 35 साल बाद पीलीभीत लोकसभा सीट पर गांधी नाम नजर नहीं आएगा। इनमें करीब दो दशक ये दोनों भाजपा का चेहरा रहे। इस बार पार्टी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है । 1989 के बाद हुए नौ चुनाव में आठ में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही जीते। 1991 में मेनका गांधी को भाजपा के परशुराम गंगवार ने हरा दिया था। 2004 से 2019 तक के चार चुनावों में दो बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी भाजपा प्रत्याशी रहे। इससे पहले 1989, 1996 के चुनाव में मेनका गांधी जनता दल से लड़ीं तो भाजपा का समर्थन मिला। यही स्थिति 1998 और 1999 में स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर मेनका गांधी के चुनाव में रही।


वरुण गांधी।


जितिन प्रसाद।

**● इससे पहले कई चुनावों में स्वतंत्र या जनता दल से लड़ीं मेनका तो भाजपा का रहा समर्थन**

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी की वजह से हाईप्रोफाइल रही है। यहां पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल को होना है। नामांकन प्रक्रिया भी बुधवार से शुरू हो चुकी है। जिसमें सिर्फ दो दिन यानी 26 व 27 मार्च बाकी है। बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया। मना जा रहा था कि समाजवादी पार्टी पहले भाजपा की सूची का इंतजार कर रही है। मगर इन अटकलों को भी उस वक्त विराम लग गया जब समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के नाम की घोषणा कर दी। कांग्रेस समेत गठबंधन में शामिल दल सपा प्रत्याशी को ही लड़ाएंगे।

शनिवार रात हुई हाईकमान की बैठक के बाद रविवार सुबह से ही चर्चा तेज हो गई थी कि इस सीट पर निवर्तमान सांसद वरुण गांधी का टिकट कटेगा। सुबह से ही कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट मिलने की चर्चा होने लगी थी। सोशल मीडिया पर इसे लेकर मैसेज भी वायरल हो गए थे। मगर आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा था। देर शाम भाजपा की ओर से लिस्ट जारी कर दी गई जिसमें वरुण गांधी का टिकट कट गया। उनकी जगह अब जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। करीब 35 साल बाद पीलीभीत में गांधी नाम के लिए वोट नहीं मांगे जाएंगे। हालांकि वरुण गांधी के समर्थक पिछले दिनों जिस तरह गांव-गरंव घूम रहे थे। उससे संभावना जताई गई कि टिकट कटने की स्थिति में वह निर्दलीय ताल ठोंक सकते हैं।

### 1952 से 2019 तक ये बने सांसद

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1952 | मुकुंद लाल अग्रवाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 | मोहन स्वरूप | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | मोहन स्वरूप | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | मोहम्मद शमशुल हसन खान | जनता पार्टी |
| 1980 | हरीश कुमार गंगवार | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | भानु प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | मेनका गांधी | जनता दल |
| 1991 | परशुराम | भाजपा |
| 1996 | मेनका गांधी | जनता दल |
| 1998 | मेनका गांधी | स्वतंत्र |
| 1999 | मेनका गांधी | स्वतंत्र |
| 2004 | मेनका गांधी | भाजपा |
| 2009 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2014 | मेनका गांधी | भाजपा |
| 2019 | वरुण गांधी | भाजपा |

### शुरुआत से ही थे बदलाव के आसार

बता दें कि इस बार शुरुआत से ही वरुण गांधी का टिकट कटने के आसार जताए जा रहे थे। यही वजह थी कि दावेदारों की संख्या भी बढ़ती चली गई। मगर टिकट पाने में जितिन प्रसाद कामयाब रहे। इधर, वरुण गांधी की टीम कुछ समय में जिस तरह से तैयारी करती दिख रही है। इससे तो यही संकेत है कि वरुण निर्दलीय चुनाव लड़ सकते है। अगर ऐसा होता है तो इस सीट पर मुकाबला और दिलचस्प होता दिखेगा। फिलहाल भाजपा की घोषणा के बाद तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

# विवाद के चलते युवक को गोली मारी

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** पुराने विवाद के चलते घर से टहलने निकले एक युवक को विरोधी पक्ष के लोगों ने गोली मार दी। कोख में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव ईटगांव सुहेला निवासी मनीष कुमार रविवार सुबह खेत पर टहलने के लिए गया था। उसके खेत में खड़े पेड़ों को लेकर गांव के एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है। आरोपी है की इसी विवाद के चलते मनीष को विरोधी पक्ष के लोगों ने गोली मार दी। गोली उसकी कोख में लगी, जिससे वह मौके पर अचेत होकर गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर घरवाले मौके पर जा पहुंचे और फौरन मनीष को सरकारी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे बरेली ले गए। वहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है। उधर, घटना का पता लगने पर सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर गए और जांच पड़ताल की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

## खेत से डनलप निकालने का विरोध, मारपीट

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताराचंद निवासी रीना देवी पत्नी कमलाचरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च को वह पति कमला चरन के साथ अपने खेत मे गन्ना वो रही थी। तभी गांव निवासी मंगली और उसका पुत्र राजीव डनलप व इंजन को खेत से जबरदस्ती निकालने लगे। विवाहिता ने यह कहते हुए विरोध किया कि हमारे खेत से मत निकालो नुकसान हो जाएगा। इसी बात से नाराज होकर गाली गलौज करते करते हुए उसे व उसके पति को डंडो व चाबुक से पीटा। पुत्र ने बचाने का प्रयास किया तो उनकी भी पिटाई की। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सगे भाइयों से मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज रम्पुरा निवासी भोजराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च की रात आठ बजे वह अपने मकान के बाहर परिवार संग बैठा हुआ था। इस बीच गांव का ही रामदीन नशे की हालत में आया और गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। बचाने आए छोटे भाई गंगाराम की पत्नी रेखा देवी को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## रंजिश के चलते मारपीट पुलिस जांच कर रही

**दियोरियाकलां।** पुरानी रंजिश में एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। गांव मुड़िया भगवंतपुर निवासी संकेत पुत्र राम-लखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले गांव के ही सुरजीत, रंजीत,उत्तम से कहासुनी हो गई थी। इसका विरोध करने पर मारपीट कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जेठ पर मारपीट की रिपोर्ट

**दियोरियाकलां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर जगतपुर निवासी हीराकली पत्नी स्वर्गीय नोखेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है। वह अपने जेठ सुम्मेर लाल से अलग रह रही है। पीड़िता व गांव के कई लोग मवेशी सड़क के किनारे बांध लेते हैं। इसी बात को लेकर जेठ ने गाली गलौज की और विरोध करने पर पिटाई कर दी ।खूंटे उखाड़ कर फेंक दिए। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## युवक पर हमला करने की एफआईआर

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी सोमपाल कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च की शाम पांच बजे मोहल्ला दुबे निवासी कुछ लोगों ने उन्हें फोन कर मिलने बुलाया। इसके बाद राजस्व टीम की मौजूदगी में मारपीट की। जानलनेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली सप्लाई

**पीलीभीत।** होली के त्योहार पर उपभोक्ताओं को निर्वाध बिजली सप्लाई मिलेगी। इसको लेकर पॉवर कारपोरेशन द्वारा कंट्रोल रूम खोला गया है। अधीक्षण अभियंता एसके मधुकर ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम उप खंड अधिकारी आशीष कौशल ( मोबाइल नंबर 9415901772 ) एवं अवर अभियंता जहांगीर आलम ( मोबाइल नंबर 8004915367 ) की देखरेख में क्रियान्वित रहेगा। कंट्रोल रूम का नंबर 8004915639 है। उन्होंने बताया कि निर्वाध बिजली सप्लाई बनाए रखने के लिए लाइन स्टाफ को निर्देशित किया गया, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके।













रमज़ान मुबारक
चौदहवां रोज़ा इफ्तार - 25 मार्च 2024
सुन्नी - 06:28 बजे
शिया - 06:36 बजे
पन्द्रहवां रोज़ा सहरी - 26 मार्च 2024
सुन्नी - 04:30 बजे
शिया - 04:32 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

# होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा

## जिले में जमकर बरसा रंग-गुलाल, रंग-बिरंगी हुईं सड़कें, डीजे पर बजते होली के गीतों पर थिरकते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** तराई के जिला पीलीभीत में रविवार को रंग-गुलाल की जमकर बारिश हुई। बाजारों से लेकर गली मोहल्ले तक सुबह से दोपहर बाद तक रंगों की बौछारें में पड़ती रहीं। हर तरफ हर्षोल्लास और रंग-गुलाल नजर आ रहा था। सुबह से बच्चे पिचकारियां लेकर इधर-उधर दौड़ते नजर आए। गली मोहल्ले ही नहीं, बल्कि बाजार में भी जमकर रंग खेला गया। अधिकतम जगह भगवा और सिलेंडर गुलाल का क्रेज देखने को मिला। वहीं, डीजे की धुन पर लोग थिरकते रहे।

होली से एक दिन पहले रविवार को शहर रंगों में सराबोर नजर आया। शहर के जाटो चौराहा, बरेली दरवाजा, जेपी रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, चौक बाजार, लाल रोड, रंगीला चौराहा, गैस चौराहा, चावला चौराहा, मोती राम चौराहा, सुनगढ़ी तिराहा के पास जमकर रंग खेला गया। सुबह नौ बजे से ही बाजार में रंगबाजी शुरू हो गई। दुकानों के बाहर बच्चे पिचकारी में रंग भरकर एक-दूसरे पर रंग डालकर मौज मस्ती कर रहे थे। बच्चों के साथ बड़ों ने भी जमकर होली खेली। जगह-जगह डीजे पर बजते गाने रंग में प्यार की होली..., रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे..., आज न छोड़ेंगे हमजोली खेलेंगे होली... पर जमकर डांस करते देखे गए। दोपहर तीन बजे तक बाजार में रंग और गुलाल उड़ता रहा।

इधर, शाम होते ही महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से होलिका का पूजन किया। सुबह को लोगों ने परिवार के साथ घर में हनुमान जी की पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने नगर के विभिन्न मंदिरों एवं होलिका स्थलों पर जाकर पूजन किया। इसके बाद देर शाम तक होलिका दहन किया गया। कुछ स्थानों पर सोमवार सुबह को पहले होलिका दहन किया जाएगा। इसके बाद रंग खेला जाएगा।


चौक बाजार में स्कूटर सवार युवक पर रंग डालते हुरियारे। ● अमृत विचार


बाइक सवार पर रंग डालता युवक।


रंग में सराबोर युवती और बच्चा।

### मोतीराम चौराहे से जो निकला सराबोर हुआ

सुबह से हुई रंग की शुरुआत के बाद बाजार में हर तरफ रंग देखने को मिला। जाटो चौराहा के अलावा मोतीराम चौराहा से जो निकला। वह भीगा, इस चौराहा पर बच्चे और बड़ों ने मिलकर जमकर रंग खेला। इस दौरान रोड से निकलने वाले राहगीरों पर रंग डाला। चौराहे पर हुड़दंग देखकर राहगीरों ने अपने रास्ते बदल दिए, मगर होली के इस हुड़दंग में कोई भी बच नहीं सका तो वहीं मोती राम चौराहा पर भी बच्चों ने अपने परिजनों के साथ जमकर रंग गुलाल उड़ाया।

### रंग-गुलाल की दुकानों पर लगी रही भीड़

होली से एक दिन पहले धुलेंडी पर रंग खेलने की तैयारियों में जुटे रहे। ऐसे में बाजार में एक दिन पहले रंग गुलाल की दुकानों पर लोग रंग गुलाल की खरीदारी करते नजर आए। इस बार सबसे ज्यादा भगवा रंग के गुलाल की डिमांड अधिक रही। वहीं पिचकारी को लेकर भी खरीदारों का तांता लगा रहा। इस बार बाजार में देसी पिचकारियों की धूम रही।

### तैनात रहा पुलिस बल, भ्रमण करते रहे अधिकारी

होली के दिन पूरे जिले में फोर्स तैनात रहा। हर चौराहा गली नुक्कड़ पर पुलिस देखने को मिला। इतना ही नहीं अफसर भी भ्रमण शील कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सीओ दीपक चतुर्वेदी के अलावा कोतवाल नरेश त्यागी और सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे आदि क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे। रंग को लेकर कई जगह विवाद की स्थिति बनी रही। जिससे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

### शराब की दुकानों पर सुबह से रही भीड़

रविवार को दिनभर शराब की दुकानों पर भीड़ लगी रही। शहर के गैस चौराहा, कोतवाली, रोडवेज, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर बनी शराब की दुकानों पर खरीदारों की लाइन लगी रही। हर कोई शराब खरीदने में व्यस्त दिखा। क्योंकि शाम पांच बजे के बाद दुकानें बंद हो हो गईं। जिसको लेकर सुबह दस बजे से ही भीड़ जुटना शुरु हो गई


होली पर दिव्यांग युवक को रंग लगाते लोग। ● अमृत विचार


चौक बाजार में रंग खेलते बच्चे। ● अमृत विचार


शहर के जाटो वाले चौराहे पर युवक पर रंग डालते हुरियारे। ● अमृत विचार


शहर के होली चौराहा पर होली पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## होली: पंकज कॉलोनी मोड़ के पास बनाया सेल्फी प्वाइंट

**पूरनपुर, अमृत विचार:** इस बार होली को लेकर लोगों में अलग उत्साह है। कस्बे में नौ स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। दो दिन पहले ही नगर पालिका की ओर से होलिका स्थल पर लकड़ी रखवा दी गईं। गत वर्षों की अपेक्षा इस बार अधिक लकड़ी रखवाईं गईं। इसके अलावा होलिका स्थलों पर वंदन लगाकर सजावट की गई। कोतवाली रोड पर पंकज कालोनी मोड़ के पास इस बार सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। इसके अलावा सभी होलिका स्थलों पर लाउडस्पीकर लगवाए गए जिनमें दिन भर होली गीत बजते रहे। रात में महिलाओं ने होलिका स्थल की पूजा की और गोबर से बनी आकृतियां होलिका में डाली। सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने की होड़ मची रही। ईओ केके सोनकर ने बताया कि सभी होलिका स्थलों पर पर्याप्त लकड़ियों की व्यवस्था की हैं और साफ सफाई कर चूना भी डलवाया गया है।

## सहकारी बैंक कर्मचारियों ने गुलाल से खेली होली


जिला सहकारी बैक में होली खेलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** जिला सहकारी बैक मुख्य शाखा के बाहर यूपी बैक इम्पलाइज यूनियन के जिला अध्यक्ष एवं शाखा प्रवन्धक सौरभ गंगवार की ओर से कर्मचारी का होली मिलन आयोजित किया गया। एकत्र कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। गुलाल लगाकर होली खेली गई। कर्मचारी रंग में सरावोर दिखाई दिए। इस मौके पर सौरभ गंगवार, विनोद कुमार सिहं, सुरेन्द्र गंगवार, कुँवर सेन गंगवार, दिनेश बाबू गुप्ता, यतेन्द्र सिंह, अविनाश, केके सिंह, शशि मंगल द्विवेदी, विनोद कुमार, मंजुला मिश्रा, मनोज कांन्त मिश्रा, चेतन लोधी, आन्नद कुमार, राम कुमार, कृष्ण कुमार, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## होली पर चलेगा विशेष सफाई अभियान, 27 टीमें गठित

- दो टीमों पर एक सफाई नायक रहेगा इंस्पेक्टर करेंगे मॉनिटरिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** होली पर शहर में सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका ने पहले से प्लानिंग कर ली है। होलिका दहन स्थलों के आसपास और गली मोहल्लों में सफाई के लिए 27 टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें होलिका दहन स्थल पर सफाई करने के साथ चूना डालने और पानी का छिड़काव करेंगी।

शहरी क्षेत्र के 27 वार्डों में होलिका दहन के 97 स्थान चिह्नित हैं। रविवार 24 तारीख को होलिका और सोमवार 25 को रंग खेला जाएगा। नगर पालिका ने होली को लेकर विशेष सफाई अभियान के तहत 27 टीमें गठित की गई हैं। यह टीमें अपने-अपने क्षेत्र में होलिका स्थल के आसपास सड़क और नालियों की सफाई करेंगी।

दो टीमों पर एक सफाई नायक नियुक्त रहेगा। सफाई नायक को उसके वार्ड के अलावा पड़ोस का एक अन्य वार्ड भी दिया गया है। ताकि सफाई बेहतर हो सके। सफाई नायक को टीम के साथ काम करते हुए जीपीएस के माध्यम से फोटो भी शेयर करना होगा। अगर, चेकिंग के दौरान लापरवाही सामने आई तो संबंधित टीम के प्रभारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### होली पर 24 घंटे मिलेगा पानी, जनरेटर की रहेगी व्यवस्था

वैसे तो होली पर शहर में चल रही अंधाधुंध खुदाई की वजह से पाइप लाइन ठीक नहीं हो सकी। शहर में कई स्थानों पर पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। लेकिन जिन इलाकों में पानी आ रहा है। वहां पालिका की कोशिश है कि वह 24 घंटे पानी की सप्लाई दे सके। इसके लिए नगर पालिका की ओर से जनरेटर की सुविधा की गई है। साथ ही वाटर वर्क्स में खड़े छह टैंकरों को भी दुरुस्त रखा जाएगा। ताकि होली में रंग खेलने और नहाने धोने में शहरवासियों को दिक्कत न हो सके। इसलिए पानी की सप्लाई से जुड़े कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया गया है। पंप चालकों की शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है।

> होली के त्योहार को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका की ओर से 27 टीमें गठित की गई है। जो सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगी। अगर, लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. आस्था अग्रवाल चेयरमैन नगर पालिका।

## उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली सप्लाई

**पीलीभीत, अमृत विचार:** होली के अवसर पर उपभोक्ताओं को निर्वाध बिजली सप्लाई की जाएगी। इसको लेकर पॉवर कारपोरेशन द्वारा कंट्रोल रूम खोला गया है। अधीक्षण अभियंता एसके मधुकर ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

यहां आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम उप खंड अधिकारी आशीष कौशल व अवर अभियंता जहांगीर आलम की देखरेख में क्रियान्वित रहेगा। कंट्रोल रूम का नंबर 8004915639 है। उन्होंने बताया कि निर्वाध बिजली सप्लाई बनाए रखने के लिए लाइन स्टाफ को निर्देशित किया गया। जरूरत पर उप खंड अधिकारी आशीष कौशल के मोबाइल नंबर 9415901772 व अवर अभियंता जहांगीर आलम के नंबर 8004915367 पर संपर्क किया जा सकता है।

## केमिकल वाले रंगों का न करें इस्तेमाल, वरना हो जाएंगे बदरंग

- बाजार में केमिकल वाले रंगों की भरमार हर्बल रंगों का करें इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** होली पर रंगों के इस्तेमाल से पहले उसकी परख जरूरी है। बाजार में ज्यादातर रंग रासायनिक मिलावट करके तैयार किए जाते हैं। इनमें मरकरी सल्फाइड, लेड, कॉपर सल्फेट, क्रोमियम ऑक्साइड, पारा, पिसा हुआ कांच आदि की मिलावट होती है। ऐसे में बाजार में बिकने वाले केमिकल युक्त रंग होली को बदरंग भी कर सकते हैं। होली से एक दिन पूर्व रविवार को रंगों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। तमाम तरह से रंग और गुलाल आदि बिक्री हुई। मगर होली पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। वजह यह है कि बाजार में केमिकल युक्त रंगों की भरमार है। केमिकल और मिलावटी पदार्थों से तैयार होने वाले रंग त्वचा से लेकर गुर्दे तक असर डाल सकते हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि मिलावटी पदार्थ रंग के जरिए त्वचा पर चिपककर नुकसान पहुंचाते हैं। पानी में घुलने वाले रंगों में सूखे रंगों से अधिक केमिकल होते हैं। पेंट कलर, डार्क कलर, ब्लैक ऑयल कलर अधिक खतरनाक होते हैं। यदि मुंह में रंग चला जाए तो फेफड़े और गुर्दे भी खराब हो सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

- होली खेलने से पहले शरीर और बालों में नारियल, सरसों या जैतून का तेल लगाएं।
- शरीर पर मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाएं।
- पूरे शरीर को ढकने वाले सूती कपड़े पहनकर होली खेलें। हल्के और हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें।
- रंग आराम से जितना छूटे उतना ही छुड़ाएं, रगड़े नहीं। कपड़े धोने का साबुन, डिटर्जेंट या केरोसिन का प्रयोग न करें।
- रंग छुड़ाने के लिए खीरा, टमाटर, आलू, बेसन, मूंग की दाल, चंदन, मलाई आदि का उबटन लगाएं।
- रंग छुड़ाने के बाद जलन हो तो आइस क्यूब या ठंडे टी बैग का प्रयोग करें।

> केमिकल युक्त रंगों का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है। जिन्हें त्वचा संबंधी एलर्जी है, उन्हें केमिकल रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। त्वचा पर लगे रंग को रगड़कर न हटाएं। रंग खेलने से पहले शरीर पर नारियल, ऑलिव ऑयल या बॉडी लोशन लगा लें।
>
> -डा. डॉ. एसपी सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ

## स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां निरस्त, इमरजेंसी में रहेगा अतिरिक्त स्टाफ

**पीलीभीत।** होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। स्वास्थ्य की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा आठ सीएचसी और 21 पीएचसी हैं। जहां 102 व 108 एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध है। होली के हुडदंग में कहीं भी अप्रिय घटना हो सकती है। इसको लेकर शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जिले में करीब 49 एंबुलेंस का संचालित हैं। इनमें 22 एंबुलेंस 102 और 108 एंबुलेंस 27 वाहन हैं। इनमें मुख्यालय पर पांच एंबुलेंस रहती हैं। होली को लेकर 108 एंबुलेंस चिह्नित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व थानों के नजदीक रहेंगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एंबुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। वहीं, 102 एंबुलेंस महिलाओं और बच्चों को अस्पताल भेजने का काम करेंगी। इसको लेकर समस्त स्टाफ की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है। सीएमएस डॉ. संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि होली को लेकर कर्मचारियों का अवकाश नहीं रहेगा। इमरजेंसी में अतिरिक्त स्टाफ तैनात रहेगा। ताकि किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। एंबुलेंस स्टॉफ को भी अलर्ट कर दिया गया है।

## लोकल रूटों पर बसों के लिए रही मारामारी... भटकते रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** होली पर बेहतर व्यवस्थाएं रखने का परिवहन निगम का दावा खोखला साबित हुआ। बरेली रूट को छोड़कर लोकल मार्गों पर सफर मुश्किलों भरा रहा। होली मनाने के लिए अपने-अपने घर जा रहे लोग सवारियों के लिए भटकते रहे। बीसलपुर व पूरनपुर रोड पर यात्रियों को डग्गामार वाहनों में सफर करना पड़ा। दिनभर आलम यह रहा कि जिसे जहां जो वाहन मिला उसी पर सवार हो लिया।

बाहर काम करने वाले अधिकांश लोग होली मनाने अपने घर आते हैं। दूसरे बाजार त्योहार की खरीदारी के लिए लोग बाजार जाते हैं। होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने का दावा किया था। मगर रविवार को अधिकारियों के दावे फेल हो गए। बरेली रूट पर रोडवेज बसों की संख्या ठीक रही। इससे नौगवां चौराहे पर खड़ी बसें यात्रियों के आने का इंतजार करती नजर आईं। वहीं, असम रोड पर लोग बसों के आने का इंतजार करते दिखाई दिए। असम चौराहे पर पूरनपुर की ओर जाने वाली बसों में जबरदस्त भीड़ रही। बसों की संख्या कम होने से लोगों को टेंपो व मैजिक में सफर करना पड़ा। सुबह से देर शाम तक लोग बसों के लिए इधर-उधर भटकते रहे। बीसलपुर रोड पर ऐसा ही हाल देखा गया। यहां आसपास के गांवों को जाने वाले लोगों को ई-रिक्शा में सफर करना पड़ा। वहीं, माधोटांडा रोड पर यात्रियों को मैजिक का सहारा लेना पड़ा। अमरिया और जहानाबाद पर भी रोडवेज बसों की संख्या कम रहने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।


रोडवेज बस रुकते ही बैठने को दौड़ पड़े यात्री। ● अमृत विचार

- किसी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सफर किया तो कोई टेंपो के पीछे लटककर पहुंचा घर
- होली पर मुश्किलों भरा रहा सफर, परिवहन निगम के दावे निकले हवा हवाई


एक बाइक पर जाता पूरा परिवार।


टंपो के पीछे खड़े होकर जाते लोग।

### रेलवे जंक्शन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़

रविवार को ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ रही। शाहजहांपुर और बरेली की तरफ से आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी थी। त्रिवेणी व बरेली-पीलीभीत ट्रेन में यात्री काफी संख्या में थे। हालांकि यहां से जाने वाले यात्रियों की संख्या कम दिखी। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए जीआरपी व आरपीएफ भी सतर्क रही। महिलाओं के कोच में महिला सिपाहियों ने जाकर महिलाओं से बातचीत की। ट्रेनों में भी जीआरपी का स्क्वॉड तैनात रहा।

### जान जोखिम में डालकर घर पहुंचे लोग

यात्रियों की भीड़ के चलते असम हाईवे पर लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ा। टेंपो और मैजिकों के पीछे लोग पायदान पर व खिड़की पर लटक कर सफर करते देखे गए। उन्हें रोकने-टोकने वाला भी कोई नहीं दिखा।

### दिल्ली रूट पर बसें ज्यादा, यात्री कम

रोडवेज ने सर्वाधिक 42 बसें दिल्ली रूट पर लगाई थीं। इससे हाल यह हो गया कि बरेली रूट पर सवारियां कम थी और बसें ज्यादा। इसके ठीक विपरीत लखनऊ रूट पर सवारियां ज्यादा थीं, लेकिन बसें नहीं थीं।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झुलसी

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला लाइन पर साहूकारा की रहने वाली महिला पूनम शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस गई। उसे उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पूनम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसके आग में झुलसने का कारण पता नहीं चल सका। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### कारों की भिड़ंत में महिला समेत दो लोग घायल

पूरनपुर। शाहजहांपुर के कस्बा पुवायां के रहने वाले अमित अवस्थी पुत्र दिनेश अवस्थी पत्नी और बच्चों के साथ रविवार को अपने गांव घुंघचाई जा रहे थे। रमपुरा कपूरपुर में सामने से अनियंत्रित गति से आ रही कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में अमित की पत्नी और बेटी स्नेहा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में ले जाया गया। स्नेहा के सिर में चोट अधिक होने पर परिजन उसे पीलीभीत ले गए। अमित अवस्थी के भाई प्रवीण अवस्थी ने कार्रवाई के लिए पूरनपुर कोतवाली में तहरीर दी है।

# बाजार जा रही 10 वर्षीय बच्ची से युवक ने की दुष्कर्म की कोशिश

## बाजार छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गया था आरोपी

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: बाजार जा रही 10 साल की बच्ची को एक युवक अपनी बाइक पर बैठाकर ईंट भट्ठा की ओर ले गया। जहां उसे दुष्कर्म की कोशिश की। राहगीरों के आने पर आरोपी बच्ची को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय बालिका शुक्रवार शाम पड़ोस के गांव की बाजार पैदल जा रही थी। उसके गांव से बाजार की दूरी करीब एक किमी है। गांव के बाहर पहुंचने पर उसे गांव का युवक जुगेंद्र मिल गया। उसने बाजार छोड़ने की बात कहकर बच्ची को अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप है जुगेंद्र बच्ची को बाजार के बजाय ईंट भट्ठा की ओर ले गया और अश्लील हरकतें शुरू कर दी।

आरोप है कि उसने दुष्कर्म करने की कोशिश की। राहगीरों के आने पर आरोपी बच्ची को धमकी देकर भाग गया। घबराई बच्ची दौड़कर अपने घर पहुंची और घटना के बारे में मां को बताया। इसके बाद परिवार वाले बच्ची को लेकर थाने गए और तहरीर दे दी। इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कर ली गई है। हैं।

### बिस्कुट लेने जा रही युवती से छेड़छाड़

पूरनपुर। दुकान से बिस्कुट लेने जा रही युवती से एक युवक ने छेड़छाड़ की। पीड़ित के तहरीर देने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती अपने बच्चों के साथ मायके में रहती है। आरोप है गांव में रहने वाला दिनेश पुत्र खेमकरन उस पर गलत नजर रखता है। आए दिन दिनेश रास्ते में घेरकर विवाहिता के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ कर चुका है। 21 मार्च की शाम लगभग पांच बजे वह गांव में दुकान से बच्चों के लिए बिस्कुट लेने जा रही थी। पीछे से पहुंचे दिनेश ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसके चिल्लाने पर गांव के लोग पहुंच गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। विवाहिता के पिता ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी और आरोपी युवक से बेटी की इज्जत और जान को खतरा बताया। पुलिस ने दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग और किशोरी घायल

बरखेड़ा, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव कोकली निवासी 65 वर्षीय वेदप्रकाश तिवारी रविवार को पीलीभीत से मोटरसाइकिल पर अपने घर जा रहे थे। पीलीभीत बरखेड़ा मार्ग पर गांव पौटा कला के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा वाहन का चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी जिरौनिया इंचार्ज रविंद्र सिंह बालियान मौके पर जा पहुंचे और निजी गाड़ी से घायल को सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। इसके अलावा क्षेत्र के गांव अरसिया बोझ निवासी कमलेश कुमार रविवार को मोटरसाइकिल से छोटे भाई बृजेश कुमार के साथ बहन नेहा को गांव नवादा महेश अपने मौसा हरप्रसाद के घर छोड़ने जा रहे थे। बरखेड़ा दौलतपुर पट्टी मार्ग पर गांव भोपतपुर के पास पहुचंते ही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें नेहा घायल हो गई। उसे सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मनाली से नेपाल जा रही मिनी बस पेड़ से टकराई, नौ लोग घायल

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: मनाली से नेपाल जा रही मिनी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। यह हादसा बीसलपुर इलाके में ब्रेक पाइप फटने से हुआ। प्राथमिक इलाज के बाद तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। रविवार सुबह ग्राम मंडरा सुमन में हुए हादसे से हड़कंप मचा रहा। उधर, पूरनपुर में चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

मनाली से एक मिनी बस सवारियां लेकर नेपाल जा रही। बस में 15 से अधिक लोग सवार थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे बीसलपुर इलाके से गुजरते समय बस का ब्रेक पाइप टूट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पेड़ से टकरा ही गई। बताते है कि उस वक्त अधिकांश सवारियां सो रही थी। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। घायलों में ग्राम कोली (नेपाल) निवासी बहादुर पुत्र करनाबहादुर, दियुघाट (नेपाल) निवासी बेल बहादुर पुत्र जगत बहादुर थापा, निवासी सुरखित (नेपाल) के निवासी भीम बहादुर पुत्र बाल बहादुर, दाग जटिरा (नेपाल) निवासी गोविंद नेपाली पुत्र वीर बहादुर, कटरई पटली कोहर (नेपाल ) निवासी विनंदर ठाकुर पुत्र कुलबहादुर, सुरखित (नेपाल) निवासी चंद्र प्रसाद बागली पुत्र मोहनलाल, शांति पत्नी लाल बहादुर, मंसाराम पुत्र वीर सिंह निवासी सेक्टर 55 पंनसोरा चंडीगढ़ (मूल निवासी नेपाल), सावित्री पुत्री मनीराम निवासी गोरही लक्ष्मीपुरथर्ड बंनगडी (नेपाल) समेत नौ लोग घायल हो गए। चालक मंसाराम को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त मिनी बस।

- ब्रेक पाइप फटने से बीसलपुर इलाके में हुआ हादसा

### हाईवे पर कार पलटी कई घायल

पूरनपुर। जनपद लखीमपुर के पूजागांव निवासी सुनील पुत्र लल्लूराम और हिम्मतपुर मोहम्मदी लखीमपुर के निवासी सचिन पुत्र विपिन हरियाणा में काम करने गए थे। होली पर दोनों परिवार समेत घर लौट रहे थे। हरियाणा से सभी घर जाने के लिए इको में सवार हुए। रविवार सुबह असम हाईवे पर खमरिया तिराहे के पास इको अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सुनील की पत्नी सुनीता, बेटा निर्मल, भाई श्याम, मुस्कान पत्नी सचिन घायल हो गए। गाड़ी में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाल कर उपचार लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# बच्चों के रंग डालने पर युवती ने किया हंगामा, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मोतीराम चौराहे का मामला व्यापारी नेता ने कराया शांत

अमृत विचार: होली को लेकर रविवार को शहर में जमकर रंग खेला गया। बाजार से लेकर गली मोहल्लों में बच्चे पिचकारी में रंग भरकर इधर-उधर दौड़ते नजर आए। कई स्थानों पर रंग डालने को लेकर बहस हुई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

शहर के मोतीराम चौराहा पर रविवार सुबह बच्चे डाल रहे थे। इसी दौरान बच्चों ने एक युवती पर रंग डाल दिया। युवती ने विरोध किया तो लोगों ने होली पर्व का हवाला देते हुए समझाने की कोशिश, लेकिन बहस बढ़ती चली गई। युवती के हंगामा करने पर पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवती का पक्ष लेने पर पुलिस और पब्लिक के बीच बहस हो गई। इस दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री शैली अग्रवाल मौके पर पहुंच गए। उनकी दुकान भी चौराहा पर ही है। उन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत करने के बाद मामला शांत करा दिया गया। इसके अलावा मोहल्ला साहूकारा में एक महिला पर रंग डालने को लेकर बहस हुई। बाजार में भी कई जगह रंग डालने को लेकर छिटपुट झपटें होती रहीं।

## 26 को नामांकन कराएंगे सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार

पीलीभीत, अमृत विचार: पीलीभीत -बहेड़ी संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार 26 मार्च को अपना नामांकन कराएंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई। नामांकन न कराए जाने और उनके पीलीभीत न आने पर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने बताया कि 26 मार्च को भगवत सरन गंगवार नामांकन कराएंगे। इसे लेकर समस्त तैयारियां कर ली गई है।



भगवत सरन गंगवार।

# भाजपा नेता पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगी का आरोप, एफआईआर दर्ज

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: इंग्लैंड भेजने के नाम पर आइलेटस संचालक भाजपा नेता व उनकी पत्नी प पांच लाख रुपये की ठगी करने का आरोप। एसपी के आदेश पर पुलिस व भाजपा नेता व उनकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के रहने वाले जगजीवन सिंह बाजवा भाजपा में शोध विभाग प्रमुख ब्रज क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के पद पर हैं। वह कैंडिड कैरियर आईलेट्स सेंटर चलाते हैं। जनपद लखीमपुर के थाना फूलबहेड के गांव अटकोना गांव निवासी जगदीश सिंह ने अपने बेटे जसकरन सिंह को इंग्लैंड भेजने के लिए जगजीवन सिंह बाजवा से बात की। जगजीवन ने इसका खर्च 13.5 लाख रुपये बताया। साथ ही जसकरन को दिसंबर 2023 तक इंग्लैंड भेजने का भरोसा दिया। इस पर जगदीश सिंह ने मार्च 2023 में उसे ढाई लाख रुपये नकद दिए। जगजीवन के कहने पर निरवैर सिंह के खाते में 2.5 लाख रुपये भेज दिए। रूपेंद्र कौर और जगजीवन सिंह को कुल पांच लाख रुपये जगदीश सिंह ने दिए। इसके बाद उन्होंने जसकरन के दस्तावेज जमा करा लिए। रुपये देने के महीने भर बाद जसकरन को इंग्लैंड नहीं भेजा गया। इसके बाद से जगदीश सिंह आइलेटस सेंटर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनके बेटे को इंग्लैंड नहीं भेजा गया। 28 फरवरी को जगदीश सिंह ने जगजीवन सिंह से अपने रुपए वापस मांगे। आरोप है जगजीवन सिंह ने गाली गलौज करते उनके साथ मारपीट की कोशिश की। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। जगदीश सिंह का आरोप है कि आईलेट्स संचालक ने धोखाधड़ी कर उनसे रुपया हड़प लिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

- पुलिस ने एसपी के आदेश पर की कार्रवाई, पत्नी भी आरोपी

### जगजीवन बोले- मैने रुपये नहीं लिए

पूरनपुर। आरोपी जगजीवन सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि उन्होंने रुपये नहीं लिए हैं। सिर्फ अपने रुपये मांगे थे, जिसको लेकर विवाद था। अपने रिश्तेदार के खाते में रुपये भेजकर उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। विवेचना में सत्य सामने आएगा।

# पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच रेल ट्रैक पर वायरिंग का कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- 30 मार्च को ट्रैक का निरीक्षण कर सकते हैं संरक्षा आयुक्त

अमृत विचार: पीलीभीत- शाहगढ़ के बीच सभी काम पूरे होने के साथ ट्रैक तैयार हो चुका है। विद्युतीकरण के लिए तार वायरिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। 30 मार्च को संरक्षा आयुक्त इस ट्रैक का निरीक्षण कर सकते हैं। सीआरएस से पूर्व प्रमुख विद्युत अभियंता ट्रैक का निरीक्षण करेंगे। संरक्षा आयुक्त की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा।

ट्रेनों का संचालन होने के बाद जनपदवासियों के लिए पीलीभीत से वायां लखीमपुर राजधानी लखनऊ का सफर आसान हो जाएगा। पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड के बीच कई सालों से चल रहा आमान परिवर्तन कार्य पूरा कर लिया गया। विद्युतीकरण को लेकर शुरू हुआ तार वायरिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। माला पुल समेत शाहगढ़ रेलवे स्टेशन समेत संडई हॉल्ट आदि पर होने वाले कार्य भी पूरे किए जा चुके हैं। इस बीच अधिकारियों द्वारा कई स्तर पर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सबकुछ ठीक-ठाक पाया गया। रेलवे ट्रैक का कार्य पूरा होने के बाद अब ट्रेनों का संचालन ही शेष रह गया है। 30 मार्च को संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण संभावित है। यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले माह पीलीभीत से मैलानी, लखीमपुर, सीतापुर होते ही राजधानी लखनऊ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

### प्रमुख विद्युत अभियंता 27 को करेंगे ट्रैक का निरीक्षण

रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता संजय सिंघल 27 मार्च को पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता रेलवे स्टेशनों, ब्रिज, रेल फाटकों के अलावा पूरनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में बने विद्युत केंद्र का भी निरीक्षण करेंगे।

> पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच वायरिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण होना शेष रह गया है। इसको लेकर भी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। सीआरएस निरीक्षण के बाद जल्द ही पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। – केएम विश्वकर्मा, सेक्शन प्रभारी, आरवीएनएल

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बेरिकेडिंग समेत अन्य इंतजाम परखे, दिए दिशा निर्देश

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी ने देर रात मंडी समिति में पहुंचकर स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल समेत पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का जायजा लिया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, अफसरों की भागदौड़ भी तेज हो गई है। कहीं किसी तरह की चूक न हो जाए, इसके लिए अधिकारी मौके पर जाकर व्यवस्थाओं को बारीकी से परख रहे हैं। शुक्रवार देर रात जिला निर्वाचन अधिकारी-डीएम संजय कुमार सिंह अमले के साथ मंडी समिति परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने बेरिकेडिंग व्यवस्था देखने के साथ स्ट्रांग रूमों, मतगणना स्थल, ड्यूटी कक्ष, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधानसभावार व्यवस्था देखने के साथ स्ट्रांग रूम की नंबरिंग और मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। मातहतों का निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूमों से मतगणना स्थल तक ईवीएम और वीवीपैट ले जाने के लिए बेरिकेडिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्ट्राग रूमों के आसपास के क्षेत्र को भी बारीकी से देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात फोर्स के रुकने का स्थान एवं प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वारों का भी निरीक्षण किया।

### फूलों से खेली होली, महिलाओं ने गाए गीत



बीसलपुर। राम दरबार राधा कृष्ण बड़ा देवी मंदिर में शनिवार को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडली ने सुंदर फगुआ गाए और गुलाल से होली खेली। प्रीति मिश्रा, आशा गुप्ता, संतोष रस्तोगी, काजल रस्तोगी, सुनीता सैनी, सरोज, मीरा, अनुपम मिश्रा, मंगलेश, लता, प्रतिष्ठा, कुमकुम अग्रवाल, रिमझिम अग्रवाल आदि महिलाएं मौजूद रहीं। मंदिर के अखिलेश कुमार मिश्रा का भी सहयोग रहा। बारह पत्थर चौराहा स्थित शिव मंदिर पर रंगोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें 11 बस्तियों से 203 स्वयंसेवक शामिल हुए। नगर प्रचारक सर्वेश ने शाखा लगाई। इसके बाद होली खेली गई। इस मौके पर जिला प्रचारक गोविंद बिहारी, भद्रपाल गंगवार, एकांक, प्रशांत, मुकेश, लखन, रोहित, उमंग, सुशील, राजेश, सुशील शर्मा, अंकुर आदि रहे।

**दिक्कत** रेंजरों समेत 72 वन कर्मियों की लोकसभा चुनाव में लगी ड्यूटी, डिप्टी डायरेक्टर ने डीएम को भेजा पत्र

# 23 वनकर्मियों के हवाले रहेगी पीटीआर की सुरक्षा

सुनील यादव, पीलीभीत

अमृत विचार: पीलीभीत टाइगर रिजर्व लोकसभा चुनाव के दौरान महज 23 वन कर्मियों के हवाले रहेगा। पीटीआर के सभी पांच रेंजों के क्षेत्राधिकारियों और वन कर्मियों समेत 72 लोगों की ड्यूटी मतदान में लगा दी गई। ऐसी स्थिति में जंगल से बाहर घूम रहे बाघ और जंगलों में होने वाली आग की घटनाओं से निपटेगा मुश्किल होगा। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने डीएम को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व संवेदनशील स्थिति में है। यहां एक तरफ जंगल से बाहर निकले बाघ आबादी क्षेत्रों में जाकर हमले कर रहे हैं। वहीं गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है, जिससे जंगल क्षेत्र में लगने वाली आग की घटनाएं होने की आशंका बढ़ गई है। सीमित संसाधन और सीमित स्टाफ की समस्या से पीटीआर प्रशासन पहले से जूझ रहा है। लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से समस्या और बढ़ गई है। वजह यह है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों के वन क्षेत्राधिकारियों समेत 72 वनकर्मियों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगा दी गई हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 250 पदों के सापेक्ष डिप्टी डायरेक्टर समेत 95 पदों पर अधिकारी-कर्मचारी तैनात है। 95 में से 72 कर्मियों की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई। अब केवल 23 कर्मचारियों के कंधों पर टाइगर रिजर्व की सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी।

पूर्व में वन्य जीवन अभयारण्यों, राष्ट्रीय अभयारण्यों समेत राष्ट्रीय खेल पार्कों के वाहनों और कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए न मांगने संबंधी शासनादेश जारी किया गया था। गत वर्ष भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव संजीव कुमार प्रसाद ने भी सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को कुछ श्रेणियों के कर्मियों को उनके द्वारा निर्वहन की गई सेवा की प्रकृति को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में आपेक्षित होने से छूट दी है। जिसमें वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। फिलहाल पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने डीएम को पत्र भेजकर पूरी स्थिति से अवगत कराया है।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल।

### ढाई माह में दो की जान ले चुके हैं जंगल से बाहर घूम रहे बाघ

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों से बाघों के बाहर निकलने का सिलसिला जारी है। इधर ढाई माह के भीतर जंगल से बाहर निकले बाघ दो इंसानों को निवाला बना चुके हैं। वहीं कुछ स्थानों पर मानव-बाघ संघर्ष की कुछ घटनाएं भी सामने आई हैं। पीटीआर के अफसरों की मानें तो इन दिनों तीन बाघ जंगल से बाहर घूम रहे हैं। जंगल से बाहर घूम रहे इन बाघों की मॉनिटरिंग को लेकर वन कर्मियों की टीमें लगाई गई हैं।

> लोकसभा चुनाव को लेकर सभी वन क्षेत्राधिकारियों समेत 72 वनकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया गया है। – मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व




पूजन के बाद होलिका में आग लगाते लोग।। ● अमृत विचार


होली के लिए अबीर-गुलाल खरीदते लोग। ● अमृत विचार


खरीदारी को निकले लोग तो सदर चौराहे पर लग गया जाम। ● अमृत विचार

# होलिका दहन: शुभ मुहूर्त में पूजन कर 3490 स्थानों पर जली होली

## विधि विधान से संकटा देवी मंदिर में महिलाओं ने किया पूजन, होलिका दहन के बाद एक-दूसरे को गले लगकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** रविवार को पूरे दिन भद्रा का साया होने के चलते होलिका पूजन व दहन रात साढ़े दस के बाद हुआ। त्योहार को लेकर जिले भर में 3490 जगहों पर होलिका सजाई गई थी। लोगों ने परिवार के साथ विधि विधान से पूजन कर लोभ, मोह, अहंकार, छल-कपट व बुराई की प्रतीक होलिका का दहन किया।

होलिका की आग में साल भर के कष्ट-विकार भी जलकर भस्म हो गए। इस दौरान लोगों ने आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी तो वहीं छोटे ने बड़ों का आर्शीवाद लिया।

होली त्योहार को लेकर बाजार में रविवार को दिन भर धूम रही। रंग खेलने से लेकर होली मिलन की तैयारी को लेकर लोग खरीदारी करते रहे। इससे दुकानों से लेकर शोरूम व मार्ट में देर रात तक रंग, कपड़े, क्राकरी का सामान, सौंदर्य सामग्री, मेहमानों की खातिरदारी करने के लिए गुझिया, मिठाई, नकमकीन से लेकर ड्राई फ्रूट्स व घर को संजाने संवारने की सामग्री की खरीदारी होती रही। वहीं शाम को होलिका दहन के लिए लोगों ने गाय के गोबर के उपले, जौ की बाली आदि खरीदी। रात में भद्राकाल समाप्त होते ही लोगों ने होलिका स्थल पहुंचकर विधि विधान से पूजन कर होलिका जलाई और उसमें गेंहू की बाली आदि समर्पित की। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली त्योहार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पांच या सात परिक्रमा कर होलिका पर कच्चा सूत बांधा और पूजन किया। साथ ही सभी के अच्छे स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना की। मुहूर्त के अनुसार रात में होलिका दहन किया गया। इसके बाद मंगलकामनाओं के साथ लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया।


रंग-गुलाल की दुकान पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


संकटा देवी मंदिर में होलिका का पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### पूजन के लिए खूब बिकीं जौं की बालियां व उपले

होलिका दहन से पहले उसकी पूजा की जाती है। इसमें गाय के गोबर के उपलों के साथ जौं की बालियां आदि भूनी जाती हैं। इसके लिए रविवार को जगह जगह पर उपलों से लेकर जौं की बालियां बेचने वालों की दुकानें सज गए। जौं की बालियां जहां 15 से 20 रुपये में बिकी तो वहीं गोबर के उपले पांच से दस रूपये प्रति पीस बिके। लोगों ने पूजन के लिए पूजन सामग्री खरीदकर रात में पूजन किया।



### महिलाओं ने संकटा देवी मंदिर में किया होलिका पूजन

